# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 11.01.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में कल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ दो हजार पच्चीस को समर्पित आकाशवाणी के कुंभवाणी चैनल का शुभारंभ किया। ।
- अंडमान निकोबार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के नव–निर्वाचित अध्यक्ष के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने कल राजनिवास में उपराज्यपाल से मुलाकात की।
- फरारगंज तहसील और डिगलीपुर तहसील के अंतर्गत उप–चुनाव को देखते हुए दक्षिण अंडमान और मध्योत्तर अण्डमान ज़िला उपायुक्त ने कल और पन्द्रह जनवरी को ड्राई–डे घोषित किया है।
- समाज कल्याण विभाग ने कल राज्य महिला सशक्तिकरण केन्द्र, प्रयास के सहयोग से 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत जागरूकता अभियान चलाया।
- छोलदारी उप–संभाग के अंतर्गत काला पत्थर क्षेत्र में रखरखाव का कार्य किए जाने के कारण आज कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

<><><><><><><>

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में कल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ दो हजार पच्चीस को समर्पित आकाशवाणी के कुंभवाणी चैनल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि कुम्भवाणी चैनल दूर–दराज के गांवों तक महाकुम्भ की आध्यात्मिक संदेश को प्रसारित करेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ एकता का संदेश फैलाता है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा कुम्भ मंगल धुन का भी शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन वर्चुअल रूप से शामिल हुए। प्रसार भारती के अध्यक्ष डॉ. नवनीत कुमार सहगल ने कहा कि प्रसार भारती ने दूरदर्शन और आकाशवाणी के जरिए महाकुम्भ के सीधे प्रसारण के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। "आकाशवाणी का कुंभवाणी चैनल छब्बीस फरवरी तक प्रतिदिन सुबह पांच बजकर पचपन मिनट से रात्रि के दस बजकर पांच मिनट तक महाकुंभ की हर गतिविधि पर आधारित कार्यक्रम प्रसारित कर रहा है। यह कार्यक्रम एक सौ तीन दशमलव पांच मेगाहट्र्ज फ्रीक्वेंसी पर उपलब्ध रहेंगे। इनमें विशेष कुंभ समाचार, महाकुंभ की हर महत्वपूर्ण गतिविधि पर आंखों देखा हाल भारत की सांस्कृति की विरासत पर विशेष कार्यक्रम शामिल हैं। कुंभवाणी चैनल न्यूज़ ऑन एयर ऐप और वेव्स ओ.टी.टी प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध हैं।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के नव–निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. के चंद्रशेखरन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने कल राजनिवास में उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी से मुलाकात की। इस दौरान द्वीप समूह के बुनियादी ढांचे, पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्रों में कई मेगा परियोजनाओं के संचालन की स्थिति के संबंध में, ए.एन.सी.सी.आई. के साथ पंजीकृत स्थानीय उद्यमियों की पूरी श्रृंखला के लिए व्यापार और निवेश के अवसरों पर चर्चा की गई। उपराज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल को द्वीप विकास एजेंसी के तत्वावधान में प्रशासन द्वारा किए जा रहे विभिन्न परियोजनाओं और कई अवसरों के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><>

फरारगंज तहसील के अंतर्गत होपटाउन ग्राम पंचायत के उप–चुनाव को देखते हुए दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त ने कल और पन्द्रह जनवरी को ड्राई–डे घोषित किया है। इस दौरान किसी भी शराब की दुकान, होटल, रेस्तरां, क्लब, शराब बेचने वाले प्रतिष्ठानों को शराब बेचने या परोसने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा अनिडको, सी एस डी कैन्टीन, सभी सैन्य कैन्टीन, पुलिस मेस और निजी बार लाइसेंसधारियों पर भी यह नियम लागू होगा।

उधर, उत्तर और मध्य अंडमान जिले के उपायुक्त ने डिगलीपुर तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत नबाग्राम के पश्चिमसागर के ग्राम पंचायत समिति सदस्य और नबाग्राम – एक के ग्राम पंचायत सदस्य निर्वाचन क्षेत्र के लिए उपचुनाव के संबंध में कल और पन्द्रह जनवरी को ड्राई–डे घोषित किया है।

<><><><><><>

समाज कल्याण विभाग ने कल राज्य महिला सशक्तिकरण केन्द्र, प्रयास के सहयोग से 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया। यह कार्यक्रम पत्थरगढडा के सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया, जिसमें आम जनता, मुख्य सेविका, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और समुदाय के सदस्यों सहित लगभग नब्बे प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रयास की प्रभारी मरिया शीला और प्रयास के सलाहकार विजय कुमार ने बालिका शिक्षा के महत्व, लैंगिक समानता और पॉक्सो अधिनियम के बारे में जानकारी दी। समाज कल्याण निदेशक रविन्द्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए समाज प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम द्वीप समूह में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा और सशक्तिकरण सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

<><><><><><>

लिटिल अंडमान के सी डी ब्लॉक की ओर से एक व्यापक ब्लॉक पंचायत विकास योजना बनाने की रणनीतियों पर खंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत क्षेत्र के पंचायत समिति हॉल में आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन लिटिल अंडमान पंचायत समिति के उप–प्रमुख राजा ने किया। खंड विकास अधिकारी बेलथाज़ेर ने ब्लॉक पंचायत विकास योजना और ग्राम पंचायत विकास योजना पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में राज्य कार्यक्रम प्रबंधक मोहम्मद आरिफ ने ब्लॉक पंचायत विकास योजना तैयार करने की रूपरेखा और सरकारी योजनाओं को एकीकृत करने पर चर्चा की। कार्यक्रम में ब्लॉक योजना समिति और पंचायत समिति के सदस्यों सहित स्थानीय अधिकारी शामिल थे।

<><><><><><><>

छोलदारी उप–संभाग के अंतर्गत काला पत्थर क्षेत्र में रखरखाव का कार्य किए जाने के कारण आज कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। कटौती सुबह आठ बजे से दिन में ग्यारह बजे तक की जाएगी। प्रभावित क्षेत्रों में सीपीघाट, छोलदारी, पोर्टमोट, ओग्राब्रांज, टुसनाबाद, नमूनाघर, मीठाखाड़ी, हाथीटापू, डंडस प्वाइंट और तिरूर शामिल हैं। यह कार्य मौसम पर निर्भर करेगा।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से पथ संचालन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम आज शाम तीन बजे से लम्बा लाईन के विवेकानन्द केन्द्र से शुरू होकर शहर के विभिन्न भागों से होते हुए अंडमान क्लब में पहुंचकर सम्पन्न होगा।

<><><><><><><>

मत्स्य निदेशालय द्वारा द्वीपसमूह में मत्स्य पालन के व्यापक विकास पर एक मसौदा नीति तैयार किया गया है। आम जनता और मत्स्य पालन से जुड़े हितधारकों से सुझाव और टिप्पणियां मांगे गए हैं। मसौदा नीति प्रशासन की वेबसाइट पर उपलब्ध है। सुझाव और टिप्पणियां निर्धारित प्रपत्र में मत्स्य विभाग के निदेशक के पते पर लिखित रूप से या मेल के माध्यम से तीस दिनों के भीतर जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

**समाचार पत्रों की सुर्खियां**

फरारगंज तहसील के अंतर्गत होपटाउन ग्राम पंचायत के उप चुनाव के संबंध में बारह और पन्द्रह जनवरी को ड्राई डे रहेगा– **द्वीप समाचार** ने इस खबर को अंतिम पृष्ठ में प्रकाशित किया है। अखबार ने जिला प्रशासन

द्वारा अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के समाचार को भी पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया है। **द डेली टेलीग्राम्स** ने गेट निकोबार द्वीप परियोजना के समग्र विकास के लिए पर्यावरण मंजूरी के अनुदान के अनुसार वन्य जीव संरक्षण और जन जातीय कल्याण योजनाओं के समीक्षा करने के समाचार को पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया है। **इंफो इंडिया** ने लिटिल अण्डमान में ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को अपने पहले पन्ने के उपरी भाग में जगह दी है। **इको ऑफ इंडिया** ने जंगलीघाट स्कूल में वार्षिक खेलकूद के आयोजन के समाचार को अंतिम पन्ने में प्रकाशित किया है।

**<><><><><><><>**

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

राष्ट्रपति द्वारा कल नई दिल्ली में अट्ठारहवें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के समापन अवसर पर प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्रदान करने के समाचार को **द्वीप समाचार** ने प्रथम पृष्ठ में सचित्र प्रकाशित किया है। अखबार ने गुजरात के लोथल में आगामी राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर में तटीय यू टी मण्डप विकसित करने के समाचार को भी अपने पृष्ठ में जगह दी है। **द डेली टेलीग्राम्स** ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बेटी बचाव, बेटी पढ़ाओं अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को पहले पन्ने के निचले भाग में जगह दी है। **इंफो इंडिया** ने आर एस एस द्वारा पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन करने के समाचार को प्रकाशित किया है। **द इको ऑफ इंडिया** ने उत्तर व मध्य मण्डल में उन्नीसवां ड्रीम बीच फेस्टिवल का उद्घाटन करने के समाचार को प्रथम पृष्ठ में जगह दी हैं।

**<><><><><><><>**